आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार
दिनांक 08.10.2024   समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा-सभी को मिलेंगे पक्के मकान, पूरे देश में आज से शुरू हुआ कच्चे घरों का सर्वे ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पंजीयन और मुद्रांक विभाग के सम्पदा 2.0 सॉफ्टवेयर का गुरुवार को करेंगे शुभारंभ ।
- आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार की जानकारी प्रदर्शित करना हुआ अनिवार्य।
- इंदौर में शारदीय नवरात्रि का उल्लास चरम पर ।

**ग्रामीण स्वरोजगार कार्यक्रम**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सीहोर जिले के भैरूंदा में ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण स्वरोजगार कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सखी मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। 18 राज्यों के 100 समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्रों - सीएमटीसी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 500 किमी नयी पक्की सड़कों का शिलान्यास तथा ग्राम सड़क सर्वेक्षण एवं प्लानिंग टूल का शुभारंभ किया। साथ ही, मध्य प्रदेश के 5 नए आरसेती प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए स्वीकृति भी दी। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पूरे देश में आज से कच्चे घर का सर्वे शुरू हो रहा है। जिनके नामइ 2018 की पक्के घर की सूची में छूट गये थे उनके नाम शामिल किये जायेंगे। यह सर्वे 6 महीने के अंदर पूरा कर लिया जायेगा ताकि कोई बहन और भाई वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मसूर, उड़द, तुअर जितना पैदा होगा उतना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पूरा खरीदेंगे ताकि किसानों को उसके ठीक दाम मिलें।

हमारे सीहोर संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले के 52 हजार 818 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 2 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण किया. बांस मिशन योजना के अन्तर्गत 215 बांस हितग्राहियों को 2 लाख 90 हजार बांस पौधों की अनुदान राशि एक करोड़ 04 लाख रूपये भी प्रदान किये गए ।

## चुनाव परिणाम

हरियाणा में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। राज्य में ऐसा करने वाली वह इकलौती पार्टी होगी। राज्य की कुल 90 सीटों में से पार्टी ने 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। उधर, कांग्रेस ने 37 सीटें जीती हैं।

वहीँ,जम्मू-कश्मीर में इण्डिया गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की। सरकार बनाने के लिए यहाँ 46 सीटों की जरूरत है। भाजपा ने 29 सीटें जीती हैं।

## हरियाणा प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हरियाणा में भाजपा सरकार के 10 सालों के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का असर चुनाव परिणामों पर नजर आ रहा है.

**बाइट: मुख्यमंत्री/35 सेकेण्ड**

वहीँ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है:

## सम्पदा 2.0 सॉफ्टवेयर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सम्पदा 2.0 सॉफ्टवेयर का 10 अक्टूबर को शुभारंभ करेंगे। वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवडा ने बताया कि इस उन्नत सॉफ्टवेयर के पायलट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन गुना, हरदा, डिण्डौरी और रतलाम जिलों में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। गुरूवार को इसे प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किया जायेगा।

सम्पदा 2.0 की विशेषताओं में संपत्ति की जीआईएस मैपिंग, बायोमैट्रिक पहचान और दस्तावेजों का स्वतः प्ररूपण शामिल है। इस प्रणाली में दस्तावेजों का निष्पादन ई-साइन और डिजिटल सिग्नेचर से किया जाएगा, जिससे गवाह लाने की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी। सम्पदा 2.0 विशेष मोबाइल एप भी लॉन्च किया जा चुका है।

## अस्पताल सूचना अनिवार्य

आयुष्मान भारत “निरामयम्” योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपचार की जानकारी प्रदर्शित करने के आदेश जारी किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र

शुक्ल ने कहा है कि नागरिकों के लाभ के लिए यह आवश्यक है कि सूचीबद्ध चिकित्सालयों में प्रवेश द्वार के समीप बड़े अक्षरों में यह जानकारी प्रदर्शित की जाये कि किन चिकित्सकीय प्रक्रियाओं के लिए वह चिकित्सालय सूचीबद्ध है। इसके साथ ही, यह भी स्पष्ट किया जाये कि आयुष्मान योजना के तहत हितग्राहियों को निःशुल्क और कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी।

**नर्मदा प्रवाहमान**

राज्य शासन ने प्रदेश में जीवन दायिनी माँ नर्मदा के जल को निर्मल तथा अविरल प्रवहमान एवं समग्र विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अन्तर विभागीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया है। समिति में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास तथा राजस्व विभाग सदस्य होंगें। प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी समिति के सदस्य सचिव होंगे।

सरकार ने श्रीराम पथगमन स्थलों के विकास की समेकित योजना निर्माण, कार्यों के क्रियान्वयन एवं नियमित समीक्षा के लिए भी विभागीय सचिवों की समिति का गठन किया है।

**इंदौर नवरात्र**

इंदौर में शारदीय नवरात्रि का उल्लास चरम पर है । शहर की सड़कों पर उत्साह देखते बन रहा है । गरबों की थाप और माता के भजनों के बीच भीड़ उमड़ रही है । पेश है हमारे इंदौर संवाददाता की एक रिपोर्ट:

**सिंधिया शिवपुरी**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कोलारस और बदरवास क्षेत्र में 25 सौ करोड रुपए का निवेश होगा. यहां पर दो नई फैक्ट्रियां खोली जांएगी। इसके अलावा बदरवास क्षेत्र में दो हजार महिलाओं के लिए कपड़ा सिलाई फैक्ट्री डाली खोली जाएगी । कोलारस में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह के दौरान श्री सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने 13 सौ मैट्रिक खाद की व्यवस्था की है ।

**वायुसेना दिवस**

भारतीय वायु सेना ने आज अपना 92 वां स्थापना दिवस मनाया । मुख्य कार्यक्रम चेन्नई के तांबरम एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर थल रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने झण्डा फहराया। वायु सेना प्रमुख ए पी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली वायु सेना की यूनिटों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान

किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय वायु सेना को शुभकामनाएं देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्र की रक्षा में उसकी भूमिका अत्यन्त प्रशंसनीय है।

**समाचार संक्षेप में....**

- जबलपुर में इंटर लॉकिंग कार्य के चलते रानी कमलापति-आधारताल और आधारताल-रानी कमलापति ट्रेन तथा जबलपुर-नैनपुर और नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन को कल तक निरस्त किया गया है।
- अशोकनगर में एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत चंदेरी प्रांगण में किया गया।
- खंडवा में प्रत्येक थाना क्षेत्र के प्रमुख स्कूल एवं कालेजों में मै हूँ अभिमन्यु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। स्कूल, कालेज, मॉल, गरबा एवं दुर्गा पंडाल मे मैं हूँ अभिमन्यु के सेल्फ़ी पॉइंट भी लगाये गए हैं ।
- मुरैना में लोकायुक्त पुलिस में 1500 रूपये की रिश्वत लेते हुए पटवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया ।
- 5. रायसेन के सागर मार्ग पर स्थित वन परिसर में मद्य निषेध सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- जबलपुर जिले के मझगवां थाना अंतर्गत जोली गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने मौत हो गई।

-------------------